Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a National Highway from Rajakhera in Dholpur District to Etawah in Uttar Pradesh-Laid.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर का धौलपुर जिला राजस्थान के पूर्वी छोर पर स्थित है और यह एक ओर मध्य प्रदेश एवं एक ओर उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा से लगा हुआ है। धौलपुर जिला में लालसोठ जिला दौसा से धौलपुर तक और भरतपुर से धौलपुर तक दो नेशनल हाईवे विकसित होने से इस जिले के विकास को काफी गति मिली है। परन्तु धौलपुर जिले का राजाखेड़ा उपखण्ड सडक मार्गों की दृष्टि से अत्यधिक पिछडा हुआ है। धौलपुर जिला मुख्यालय पर समाप्त हो रहे उपरोक्त दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास धौलपुर से आगे राजाखेड़ा से होता हुआ उत्तर प्रदेश में पिनाहट, भदरौली तथा वाह से होता हुआ इटावा तक करने से ना सिर्फ धौलपुर जिले के राजाखेड़ा क्षेत्र बल्कि इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के उक्त क्षेत्र को भी एक राष्ट्रीय राजमार्ग से जुडने से विकास का अवसर प्राप्त होगा जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और रोजगार के अनेक अवसर उत्पन्न होंगे।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के धौलपुर जिले से राजाखेड़ा होते हुए उत्तर प्रदेश में पिनाहट भदरौली वाह से इटावा तक के लिए सीधा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्मित करने के आदेश प्रदान करने की कृपा कर अनुगृहीत करें।